# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## कक्षा 08 की बोर्ड परीक्षा, 2019 से संबंधित आवश्यक सूचना

**विज्ञप्ति संख्या - 34/2019**

एतद् द्वारा कक्षा आठ की बोर्ड परीक्षा, 2019 से संबंधित सभी परीक्षार्थियों, उनके अभिभावकों, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं संबंधित सभी पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का परीक्षाफल परिषद् के वेबसाईट (www.jac.jharkhand.gov.in) पर प्रकाशित किया जा चुका है। छात्र/छात्राओं के नाम/पिता के नाम में त्रुटि संशोधन हेतु परिषद् द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को अधिकृत किया गया है। जिन छात्र/छात्राओं के अंकपत्रक में त्रुटि हो, वे विद्यालय प्रधान से सम्पर्क स्थापित करेंगे। विद्यालय प्रधान वेबसाईट पर उपलब्ध त्रुटि संशोधन के Format 'A' में संशोधन संबंधी विवरणी भरकर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को हस्तगत करायेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा छात्र/छात्राओं के नाम/पिता के नाम में साक्ष्य आधारित ऑनलाइन संशोधन परिषद् के वेबसाईट (www.jac.jharkhand.gov.in) के माध्यम से किया जायेगा। इस हेतु उन्हें लॉग–इन आई.डी. एवं पासवर्ड उपलब्ध कराया जा रहा है।

कुछ ऐसे मामले भी संज्ञान में आ रहे हैं जिसमें कुछ छात्र/छात्राओं या विद्यालयों का परीक्षाफल वेबसाईट पर प्रकाशित नहीं हुआ है। उक्त के निराकरण के लिए परिषद् के वेबसाईट पर Format 'B' एवं 'C' दिया गया है, जिन्हें डाउनलोड कर विद्यालय प्रधान उसे भरेंगे एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में दिनांक 06.05.2019 तक जमा करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय उक्त विवरणी को समेकित कर दिनांक 09.05.2019 तक परिषद् कार्यालय को हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अध्यक्ष के आदेश से,**

JAC/गो./1623/19-SECY/257/19
Dt. 29.04.2019
D.O.P: 30.04.2019

**ह./-**
**सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**